बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

श्री मुकेश कुमार, (बि0न0से0)
नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, रामनगर,

नगर परिषद्, रामनगर,
पश्चिम चम्पारण, बिहार–845106

दुरभाष नं0: 06256225693
मोबाईल नं0 : 7320850442
e-mail ID:-npramnagar@gmail.com

आम–सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4081, दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

1. स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देशा

स्वच्छता साथी कौन होंगे :–

i) स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ii) अभ्यर्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।

iii) अभ्यर्थी का कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।

iv) अभ्यर्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।

v) अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

vi) अभ्यर्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation worker, Brand Ambassadors एवं NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGOs youth, Community Based Organizations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।

vii) नगर परिषद् स्तर पर कुल संख्या–10 स्वच्छ साथी

2 **स्वच्छता साथी के चयन का उद्देश्य :–**

i) शहर को कचरा मुक्त बनाने, नागरिकों की भूमिका के लिए नागरिकों को जागरूक करना एवं उन्हें उत्तरदायी बनाना।

ii) नागरिकों के बीच triggering करना और कचरे के लिए असहिष्णुता की भावना को बढ़ाना।

3 स्वच्छता साथी के कार्य की जिम्मेदारी :–

i) अपने संबंधित वार्ड के सभी घरों का भ्रमण करना एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी जुटाना।

ii) घर के मुखिया को Waste Segregation एवं Home Composting करने हेतु प्रेरित करना।

iii) वार्ड में छोटे स्तर पर छोटे–छोटे समूह की बैठक

iv) SHG के समूह की होने वाली Monthly बैठक में सम्मिलित होना

v) वार्ड में समाज के प्रबुद्ध एवं प्रमुख व्यक्तियों को Citizen Leader के तौर पर तैयार करना।

4 **स्वच्छता साथी को मिलने वाला लाभ :–**

i) कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।

ii) प्रत्येक स्वच्छ साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए engage किया जाएगा।

iii) 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।

iv) स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए engage किया जाएगा, जिसकी अवधी अक्टूबर, 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।

v) प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 300x20=6000.00 रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।

vi) मानदेय कर्मी के Bank Account में ही भेजा जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

vii) किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

नोट :-

1. यह किसी भी प्रकार से **Permanent Position** नहीं है, अतः किसी भी तरह का **Claim** मान्य नहीं होगा।
2. विशेष जानकारी के लिए नगर परिषद्, रामनगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र में दिए गए प्रपत्र को नगर परिषद् कार्यालय में 25 जनवरी 2025 तक जमा करना होगा। उक्त अविध के उपरांत आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जाएगा।
4. इस विज्ञापन के शर्तो को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंशिक या पूर्णतः संशोधित करने अथवा रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ज्ञापांक 62 /न0प0 रामनगर दिनांक 16/01/2025

प्रतिलिपिः– श्री कृष्णा कुमार सिंह नेपाली, प्र0प्र0 सहायक नगर परिषद्, रामनगर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– श्रीमती खुश्बु वर्मा, Town Planner नगर परिषद्, रामनगर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– श्रीमती स्फुर दीप्ति, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी नगर परिषद्, रामनगर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– श्री इन्दु कुमार, नगर प्रबंधक नगर परिषद्, रामनगर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– मा0 मुख्य पार्षद/मा0 उप मुख्य पार्षद/मा0 सभी वार्ड पार्षद को सूचनार्थ प्रेषित।

16/01/2025

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामनगर

Scanned with OKEN Scanner